राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर

सी–7, सुल्तान हाउस, सवाई जयसिंह हाईवे बनीपार्क, जयपुर–302016
फोन नम्बर 0141–4004914 **Website:-** www.rajasthanparamedicalcouncil.org

क्रमांकः– प. 17 ( )/काउ.(सत्र 2023–24)/रा.पै.मेडि.कौं/2024/30 **दिनांकः–** 01/03/24

–::सार्वजनिक सूचना::–

विषय : प्रवेश सत्र 2023–24 में विभिन्न पैरामेडिकल डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर से मान्यता प्राप्त राजकीय व निजी महाविद्यालय/संस्थानों में रिक्त रही सीटों पर प्रवेश के संबंध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सर्व साधारण व समस्त प्रधानाचार्य संबद्ध पैरामेडिकल महाविद्यालय/संस्थानों को सूचित किया जाता है कि राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल द्वारा प्रशिक्षण सत्र 2023–24 में विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में पैरामेडिकल कौंसिल से मान्यता प्राप्त राजकीय व निजी महाविद्यालयों/संस्थानों में चार चरणों की काउन्सलिंग के माध्यम से नियमानुसार पैरामेडिकल डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थी आवंटन किये गये थे, जिसके पश्चात् भी कौंसिल द्वारा मान्यता प्राप्त कुछ महाविद्यालय/संस्थानों में विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण हेतु सीटें रिक्त रह गई है, जिसकी सूची विभागीय वैबसाईट पर उपलब्ध है।

महाविद्यालय/संस्थानों में रिक्त रही सीटों के लिए महाविद्यालय/संस्थान अपने स्तर पर अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त कर सभी महाविद्यालय/संस्थान योग्य अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेज राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल के पोर्टल पर संस्थान की ID के माध्यम से भेजना सुनिश्चित करें। प्रवेश प्रक्रिया का कार्यक्रम निम्नानुसार निर्धारित किया जाता हैः–

क्र.सं.	विवरण	दिनांक
1	महाविद्यालय/संस्थान द्वारा अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करना।	04.03.2024 से 13.03.2024 तक
2	महाविद्यालय/संस्थान अपनी संस्थान की ID से मेरिट के अनुसार योग्य अभ्यर्थियों की सूची मय दस्तावेज कौंसिल को प्रस्तुत करने की तिथि। **(मय आवेदन शुल्क/अग्रिम प्रशिक्षण शुल्क)**	15.03.2024 से 18.03.2024 तक
3	कौंसिल की जांच/काउन्सलिंग के उपरान्त वरीयतानुसार योग्य चयनित अभ्यर्थियों के प्रोविजनल आवंटन पत्र डाउनलोड/जारी करने की तिथि।	19.03.2024
4	पोर्टल पर अभ्यर्थियों की रिपोर्टिंग/जोईनिंग दर्शाने की तिथि।	20.03.2024 से 23.03.2024 तक

संलग्नः– प्रवेश हेतु दिशा–निर्देश।

रजिस्ट्रार
(कार्यवाहक)

क्रमांकः– प. 17 ( )/काउ.(सत्र 2023–24)/रा.पै.मेडि.कौं/2024/30 **दिनांकः–**01/03/24

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदया, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. सयुंक्त शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (ग्रुप–3) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. Data Processing Agency, Ajmer को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
4. श्रीमान् अध्यक्ष/उपाध्यक्ष महोदय, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
5. प्रधानाचार्य, समस्त सम्बद्ध पैरामेडिकल राजकीय/निजी महाविद्यालय/संस्थान व समस्त अभ्यर्थियों को सूचनार्थ।
6. परीक्षा अनुभाग/लेखाशाखा/मान्यता शाखा/पंजीयन/विधि/स्टोर कार्यालय हाजा।
7. सर्वररूम प्रभारी, राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर को भेजकर लेख है कि आज ही वैबसाईट पर अपलोड करें।
8. रक्षित पत्रावली।

रजिस्ट्रार
(कार्यवाहक)